पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

————————

राजभवन में नवरात्रि के दूसरे दिन भी हुआ गरबा महोत्सव का आयोजन

——————

कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सहित अन्य मंत्रीगण एवं गणमान्यों ने पूजा–अर्चना की

———————

लखनऊ : 16 अक्टूबर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज राजभवन में शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा की आरती व पूजा–अर्चना की। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक समेत कई मंत्रीगण व गणमान्य सम्मिलित हुए। उपस्थित गणमान्यों ने राजभवन में आयोजित गरबा महोत्सव कार्यक्रम का आनंद लिया।

ज्ञातव्य है कि नवरात्रि के अवसर पर राज्यपाल जी द्वारा कल दिनांक 15 अक्टूबर, 2023 को राजभवन परिसर में गरबा महोत्सव का शुभारम्भ किया गया। यह महोत्सव 23 अक्टूबर, 2023 तक चलेगा और दशमी को विसर्जन के साथ सम्पन्न होगा।

राजभवन के अधिकारीगणों, कर्मचारीगणों व अध्यासितों द्वारा उत्साहपूर्ण माहौल में गरबा नृत्य की प्रस्तुति की गयी। राज्यपाल जी व गणमान्यों ने उपस्थित जनसमूह का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के पश्चात् श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री श्री सुरेश कुमार खन्ना, कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री श्री धर्मपाल सिंह, राज्यमंत्री श्री दयाशंकर सिंह, श्री अरूण कुमार सक्सेना, श्री दयाशंकर मिश्र 'दयालु', श्री मनोहर लाल मन्नू, जनप्रतिनिधिगण, कुलपति लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ प्रो0 आलोक राय व राजभवन के समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा उनके परिजनों के अलावा अन्य गणमान्यों ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

—————

कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 9454468250